②

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर

हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2008–09

मॉडल प्रश्न पत्र (Model Question Paper)

| | | | |
|---|---|---|---|
| कक्षाः– | 10 वीं | **Class** | **10th** |
| विषयः– | हिन्दी विशिष्ट | **Subject:-** | **Hindi Special** |
| समयः– | 3 घण्टे | **Time:-** | **3 Hours** |
| पूर्णांकः– | 100 | **Maximum Marks :-** | **100** |

---

निर्देशः–

1. सभी प्रश्न हल कीजिये ।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 11 तक के प्रश्नोत्तर पर 2 अंक एवं शब्द सीमा 30 शब्द निर्धारित है ।
3. प्रश्न क्रमांक 12 से 19 तक के प्रश्नोत्तर पर 3 अंक एवं शब्द सीमा 75 शब्द निर्धारित है ।
4. प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक के प्रश्नोत्तर पर 4 अंक एवं शब्द सीमा 75 शब्द निर्धारित है ।
5. प्रश्न कमांक 26 से 29 तक के प्रश्नोत्तर पर 5 अंक एवं शब्द सीमा 100–125 शब्द निर्धारित है ।
6. प्रश्न क्रमांक 30 निबंधात्मक है, इसमें 10 अंक एवं शब्द सीमा 250–300 शब्द निर्धारित है ।

प्रश्न 1– उपमा अलंकार की परिभाषा तथा उदाहरण लिखिये । (2)

प्रश्न 2– उत्साह को परिभाषित कीजिए । (2)

प्रश्न 3– अनेक के लिए एक शब्द लिखिए (2)

(i) बहुत अधिक बोलने वाला ।

(ii) उपकारों को न मानने वाला ।

प्रश्न 4– किसने–किससे कहा ? (2)

''देव यह मेरे पितृ पितामहों की भूमि है । इसे बेचना अपराध है ।''

प्रश्न 5– बनबीर उदयसिंह को क्यों मारना चाहता है ? (2)

प्रश्न 6– महाकाव्य और खण्डकाव्य में दो अंतर बताइए । (2)

प्रश्न 7— "मैया मोरी मैं नहीं माखन खायों" में कौन सा रस है ? (2)

प्रश्न 8— साखी किसे कहते हैं ? (2)

प्रश्न 9— अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए — (2)

(i) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ ।

(ii) इस महल का अधिकांश भाग ध्वस्त हो गया है ।

प्रश्न 10— रोला छन्द का एक उदाहरण लिखिए । (2)

प्रश्न 11— अर्थ बताकर वाक्य प्रयोग कीजिए — (2)

(i) गुदड़ी का लाल ।

(ii) सौ सुनार की एक लुहार की ।

प्रश्न 12— मजदूरों के जीवन को लेखक ने काली अधियारी जिन्दगी क्यों कहा है ? (3)

प्रश्न 13— पर्वत की विशालता को कवि ने किस प्रकार चित्रित किया है ? (3)

प्रश्न 14— कौशल राज्य का कृषि महोत्सव किस प्रकार सम्पन्न होता था ? (3)

प्रश्न 15— 'राजपूतानी व्यापार नहीं करती' पन्ना ने ऐसा क्यों कहा ? (3)

प्रश्न 16— शंखधारी व्यक्ति केवल उत्तर दिशा की ओर मुँह करके ही शंखनाद क्यों करना चाहता है ? (3)

प्रश्न 17— छत्तीसगढ़ अंचल की प्रमुख तीन जातियों में पूजित देवताओं के नाम बताइए । (3)

प्रश्न 18— लोरिक चंदा गाथा में किन—किन व्यक्तियों की उपासना की जाती है ? (3)

अथवा

गुरू घासीदास जी के कौन—कौन से प्रमुख उपदेश है ? लिखिए ।

प्रश्न 19— कृष्ण के अनुसार ब्रज और मथुरा मं क्या—क्या अंतर है ? (3)

प्रश्न 20— डॉ चन्द्रशेखर वेंकट रमन का परिचय दीजिए । (4)

प्रश्न 21— श्रीकृष्ण से विदा लेने के बाद सुदामा के मन में निराशा और क्षोभ के भाव क्यों उठे ? (4)

अथवा

ज्ञानमार्गी शाखा की प्रमुख विशेषताएँ तथा प्रतिनिधि कवियों के नाम लिखिए ।

प्रश्न 22— अछूत कन्या को चौके में न आने देने पर गाँधीजी ने क्या सबक सिखाया ? (4)

प्रश्न 23— पंडवानी की कितनी शैलियाँ है ? कापालिक शैली की गायिका कौन है?(4)

प्रश्न 24— आचार्य रामचन्द्र शुक्ल अथवा जयशंकर प्रसाद में से किसी एक का परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए । (4)

1. जीवन परिचय, 2. दो रचनाएँ
3. भाषा शैली 4. साहित्य में स्थान

प्रश्न 25— महादेवी अथवा मैथिलीशरण गुप्त का परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए — (4)

1. जीवन परिचय 2. दो रचनाएँ
3. भावपक्ष, कलापक्ष 4. साहित्य में स्थान

प्रश्न 26— निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए — (5)

फलासक्त उत्साही असफल होने पर खिन्न और दुःखी होता है, पर कर्मासक्त उत्साही केवल कर्मानुष्ठान के पूर्व की अवस्था में हो जाता है । अतः हम कह सकते है कि कर्म—भावना प्रधान उत्साह ही सच्चा उत्साह है । फल भावना प्रधान उत्साह तो लोभ ही का एक प्रच्छन्न रूप है ।

अथवा

"आदमी के बनैलेपन से लेकर आज की शिष्ट सभ्यता' तक की सीढ़ियों पर मेरे हथौड़े की चोट है । जमाने ने करवट ली है, पर मैने कभी जमीन से पीठ नहीं लगाई, सुस्ताने के लिए कभी फावड़े नहीं टिकाए । मेरे बाजू पर जमाना टिका है, घुटनों पर अलकस दम तोड़ती है । मेरे कंधों पर

भूमंडल का भार है उसे उठाने वाले एटलस के साथ, पर मैं वो हूँ कि कभी गरदन नहीं मोड़ता, कंधे नहीं डालता, उन्हें कभी बदलता तक नहीं ।''

प्रश्न 27– निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – (5)

सौरभ भीना झीना गीला,
      लिपटा मृदु अंजन सा दुकूल ।
चल अंचल से झर–झर झरते,
      पथ में जुगनू के स्वर्ण–फूल ।
दीपक से देता बार–बार
      तेरा उज्ज्वल चितवन–विलास ।

अथवा

कबहूँ सति माँगत आरि करैं, कबहूँ प्रतिबिम्ब निहारि डरैं ।
कबहूँ करताल बजाइ कै नाचत, मानु सबै मन मोह भरैं ।।
कबहूँ रिसिआइ कहैं हठि कै, पुनि लेत सोई जेहि लगि अरैं ।
अवधेस के बालक चारि सदा तुलसी मन–मंदिर में बिहरैं ।।

प्रश्न 28– निम्नलिखित अवतरण को ध्यान पूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (5)

परोपकार की पहली शर्त स्वार्थ का त्याग है । सामान्यतः हर मनुष्य अपने लाभ को पहले देखता है । कहा भी गया है ''स्वारथ लगि करहिं सब प्रीती ।'' हमारे रिश्ते नाते भी स्वार्थ पर ही आधारित होते है । किसी भी काम को शुरू करने के पहले हर मनुष्य यही सोचता है– इससे मुझे क्या फायदा होगा ? परोपकारी लेकिन दूसरे का उपकार करना क्या सरल है ? परोपकार के लिए बहुत बड़े नैतिक साहस की आवश्यकता होती है, क्योंकि परोपकार वही कर सकता है, जो आत्म बलिदान देने के लिए तैयार हो ।

प्र. 1– उपरोक्त अवतरण का उचित शीर्षक दीजिए ।
प्र. 2– परोपकार की पहली शर्त कौन–सी है ?
प्र. 3– परोपकार के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता किस बात की है ?

प्रश्न 29– हाईस्कूल परीक्षा की प्रावीण्य सूची में आपके मित्र का नाम आया है । अतः उसे एक बधाई पत्र लिखिए । (5)

अथवा

सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर को अंकसूची की द्वितीय प्रति भेजने के संबंध में आवेदन पत्र लिखिए ।

प्रश्न 30– निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए – (10)

1. भारतीय समाज में नारी का स्थान ।
2. ऊर्जा संरक्षण ।
3. प्रदूषण समस्या और समाधान ।
4. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व ।

--------X--------